संख्या- 114 /2018/275/69-1-18-09(म0ब0-83)/2018

प्रेषक,

**अनिल कुमार बाजपेयी,**
विशेष सचिव,
उ0प्र0 शासन।

**सेवा में,**

**निदेशक,**
राज्य नगरीय विकास अभिकरण,
उ0प्र0, लखनऊ।

**नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम विभाग।** **लखनऊ : दिनांक : 26 मार्च, 2018**

**विषय वित्तीय वर्ष 2017-18 में अनुदान संख्या-83 में मुख्यमंत्री नगरीय अल्पविकसित व मलिन बस्ती विकास योजनान्तर्गत जनपद-देवरिया की 38 परियोजनाओं की वित्तीय स्वीकृति।**

**महोदय,**

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या-4349/23/10/छः/विविध/2017-18, दिनांक 05 फरवरी, 2018 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि **"मुख्यमंत्री नगरीय अल्पविकसित व मलिन बस्ती विकास योजनान्तर्गत"** वित्तीय वर्ष 2017-18 में अनुदान संख्या-83 के अन्तर्गत जनपद-देवरिया की न0पा0परि0, देवरिया एवं न0पं0, बरियारपुर, भटनी बाजार, रूद्रपुर, सलेमपुर, मझौली राज तथा गौरी बाजार की विभिन्न मलिन बस्तियों में इण्टरलाकिंग रोड व नाली निर्माण कार्य से सम्बन्धित अलग-अलग कुल 38 परियोजनाओं हेतु **रू0 500.92 लाख** की **प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति** सहित, उक्त के सापेक्ष प्रथम किश्त के रूप में संलग्न तालिका के स्तम्भ-6 में अंकित धनराशि **रू0 247.43 लाख (रूपये दो करोड़ सैंतालीस लाख तैंतालीस हजार मात्र)** की, श्री राज्यपाल महोदय निम्नलिखित शर्तो/प्रतिबन्धों के अधीन सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं:-

1. उक्त धनराशि का उपयोग प्रश्नगत योजना के सम्बन्ध में जारी दिशा-निर्देशों विषयक शासनादेश संख्या-117/2017/1279/69-1-17-14(31)/2012टीसी, दिनांक 26 अक्टूबर, 2017 में दिये गये दिशा-निर्देश/व्यवस्था का पूर्णरूपेण अनुपालन करते हुए की जायेगी।
2. प्रश्नगत परियोजनाओं में प्रस्तावित कार्य प्रारम्भ करने से पूर्व वित्तीय हस्तपुस्तिका खण्ड-6 के अध्याय-12 के प्रस्तर-318 में वर्णित व्यवस्था के अनुसार प्रयोजना पर सक्षम स्तर/सूडा से तकनीकी स्वीकृति अवश्य प्राप्त कर ली जायेगी तथा सक्षम स्तर/सूडा से तकनीकी स्वीकृति प्राप्त होने के पश्चात् ही कार्य प्रारम्भ किया जायेगा।
3. उक्त धनराशि शासन द्वारा इस योजना के अन्तर्गत निर्धारित शर्तों/योजना के प्रतिबन्धों के अनुसार उपर्युक्तानुसार निहित मद में व्यय की जायेगी एवं स्वीकृत परियोजनान्तर्गत कार्य की विशिष्टियॉ, मानक व गुणवत्ता आदि को सुनिश्चित करते हुए कार्य क्रमशः इस प्रकार कराये जायेंगे कि वे उपलब्ध धनराशि से ही निर्धारित समय सीमा में पूर्ण हो जाये तथा उनका लाभ सम्बन्धित स्थानीय निवासियों को मिल सके।
4. उक्त धनराशि यथा समय सम्बन्धित डूडा (निर्माण इकाई) को उपलब्ध करा दी जायेगी। सम्बन्धित डूडा (निर्माण इकाई) द्वारा प्रश्नगत परियोजना को जिला स्तरीय शासी निकाय से अनुमोदित कराने के उपरान्त ही निर्माण कार्य प्रारम्भ किया जायेगा।

क्रमशः..........2

http://shasanadesh.up.nic.in

5. उक्त धनराशि जिस कार्य/मद में स्वीकृत की जा रही है, उसका व्यय प्रत्येक दशा में उसी कार्य/मद में किया जायेगा। किसी प्रकार का व्यावर्तन अनुमन्य नहीं होगा। सामग्री/उपकरणों का क्रय वित्तीय नियमों के अनुसार किया जायेगा।
6. स्वीकृत की जा रही धनराशि बैंक/डाकघर/डिपाजिट खाते में नहीं रखी जायेगी। स्वीकृत धनराशि एकमुश्त आहरित न कर आवश्यकतानुसार आहरित कर व्यय की जायेगी।
7. उक्त प्रायोजना की मात्राओं को निर्माण के समय सुनिश्चित किये जाने का पूर्ण दायित्व कार्यदायी संस्था/सम्बन्धित डूडा का होगा।
8. स्वीकृत धनराशि का व्यय वित्तीय हस्तपुस्तिका के सुसंगत प्राविधानों/समय-समय पर शासन द्वारा निर्गत शासनादेशों के अनुरूप किया जायेगा।
9. उक्त धनराशि यथासमय सम्बन्धित डूडा इकाई (निर्माण इकाई) को उपलब्ध करा दी जायेगी। उक्त धनराशि सम्बन्धित निर्माण इकाई को अवमुक्त करने से पूर्व यह भी सुनिश्चित कर लिया जायेगा कि उक्त परियोजनान्तर्गत स्वीकृत कार्य हेतु पूर्व में राज्य सरकार अथवा किसी अन्य स्रोत से धनराशि स्वीकृत नहीं की गई है तथा न ही यह कार्य किसी अन्य कार्य योजना में सम्मिलित है, जिससे कि शासकीय धन का दुरूपयोग न होने पाये, अन्यथा की स्थिति में स्वीकृत धनराशि तत्काल राजकोष में जमा कराकर शासन को सुचित किया जायेगा।
10. प्रश्नगत परियोजना से सम्बन्धित कार्यों की द्विरावृत्ति/पुनरावृत्ति न हो, यह सूडा/डूडा द्वारा सुनिश्चित किया जायेगा।
11. उक्त धनराशि का आहरण निदेशक, राज्य नगरीय विकास अभिकरण, उ0प्र0, लखनऊ द्वारा प्रमुख सचिव/सचिव, विशेष सचिव तथा संयुक्त सचिव, नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम विभाग के प्रतिहस्ताक्षरोपरान्त किया जायेगा।
12. प्रत्येक आहरण की सूचना महालेखाकार (राजकोष), महालेखाकार (लेखा), उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद को आदेश की प्रति के साथ कोषागार का नाम, बाउचर संख्या, तिथि तथा लेखाशीर्षक की सूचना एक वर्ष के भीतर अवश्य उपलब्ध करा दी जायेगी।
13. इस धनराशि का उपयोग चालू वित्तीय वर्ष 2017-18 में अवश्य करा लिया जाये और इसके बाद उपयोगिता प्रमाण-पत्र शासन को उपलब्ध कराया जायेगा। निर्धारित अवधि के बाद अनुपयोगित धनराशि, यदि कोई हो तो एकमुश्त शासन को वापस करनी होगी।
14. सेन्टेज चार्जिज (अधिष्ठान व्यय) की धनराशि वित्त (लेखा) अनुभाग-2 के शासनादेश संख्या-ए-2-23/दस-2011-17(4)/75, दिनांक 25.01.2011 में जारी विस्तृत दिशा-निर्देशों के क्रम में सुसंगत लेखा शीर्ष में जमा किया जायेगा।
15. स्वीकृत की जा रही धनराशि के सापेक्ष उतनी ही धनराशि आहरित की जायेगी, जितनी 31 मार्च, 2018 तक व्यय हो सके।
16. स्वीकृत धनराशि को व्यय करने से पूर्व परियोजनावार स्वीकृत धनराशि के सापेक्ष आगणनों में संशोधन सूडा/डूडा द्वारा सुनिश्चित कर लिया जायेगा।

क्रमशः..........3

http://shasanadesh.up.nic.in

2. उपर्युक्त व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2017-18 में अनुदान संख्या-83 में योजनान्तर्गत प्रस्तावित बजट में उपलब्ध धनराशि से लेखाशीर्षक **"2217-शहरी विकास-04-गन्दी बस्तियों का विकास-789-अनुसूचित जातियों के लिये विशेष घटक योजना-05-मुख्यमंत्री नगरीय अल्पविकसित व मलिन बस्ती विकास योजना-35-पूँजीगत परिसम्पत्तियों के सृजन हेतु अनुदान"** के नामे डाला जायेगा।

3. यह आदेश वित्त विभाग के अशा0 पत्र संख्या-ई-8-978/दस-2018, दिनांक 22 मार्च, 2018 में प्राप्त उनकी सहमति से जारी किये जा रहे हैं।

संलग्नक - यथोक्त।

भवदीय,

(अनिल कुमार बाजपेयी)
विशेष सचिव।

संख्याः- 115 /2018/275(1)/69-1-18, तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-

1. महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी), प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0,20-सरोजनी नायडू मार्ग, इलाहाबाद।
2. महालेखाकार (लेखा परीक्षा), प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, इलाहाबाद।
3. निदेशक, स्थानीय निधि लेखा परीक्षा विभाग, उ0प्र0, छठवां तल, संगम प्लेस, सिविल लाइन, इलाहाबाद।
4. प्रमुख सचिव, नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम विभाग, उ0प्र0 शासन।
5. जिलाधिकारी/अध्यक्ष, जिला नगरीय विकास अभिकरण, देवरिया ।
6. वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-8, उ0प्र0 शासन।
7. नियोजन अनुभाग-4, उ0प्र0 शासन।
8. समाज कल्याण (बजट प्रकोष्ठ)/कल्याण नियोजन प्रकोष्ठ, उ0प्र0 शासन।
9. मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
10. वित्त नियंत्रक, राज्य नगरीय विकास अभिकरण, उ0प्र0, लखनऊ।
11. सहायक वेब मास्टर, सूडा को विभागीय वेब साइड पर अपलोड कराने हेतु।
12. गार्ड फाइल/कम्प्यूटर सहायक/बजट समन्वयक।

आज्ञा से,

(अखिलानन्द ब्रहमचारी)
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

**शासनादेश संख्या- 115 /2018/275(1)/69-1-18-09(म0ब0-83)/2018, दिनांक 26 मार्च, 2018 का संलग्नक**

(धनराशि लाख रू0 में)

| क्र0 सं0 | जनपद का नाम | निकाय/ नगर पंचायत का नाम। | बस्ती/वार्ड का नाम/कार्य का विवरण। | परियोजना की कुल लागत। | प्रथम किश्त के रूप में स्वीकृति की जाने वाली धनराशि। |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | देवरिया | न0पं0, बरियापुर | वार्ड नं0 01 बनरहा वार्ड में उरमेश साहनी के मकान से महेश सहनी के मकान होते हुये मालती देवी के मकान तक इंटरलाकिंग सड़क एवं नाली स्लैब का निर्माण कार्य। | 13.28 | 6.64 |
| 2 | तदैव | तदैव | वार्ड नं0 02 चौकिया वार्ड में प्राइमरी विद्यालय से कैलाश पासवान, रामविलास पासवान, विक्रम पासवान, शंकर प्रसाद एवं गुलाब पासवान के मकान होते हुये सुरेश पासवान के मकान के आगे तक इंटरलाकिंग सड़क एवं नाली स्लैब का निर्माण कार्य। | 27.71 | 12.00 |
| 3 | तदैव | तदैव | वार्ड नं0 02 चौकिया वार्ड में मंदिरिका पासवान के मकान से उजदुनंदन पासवान, गामा पासवान एवं रामनरायण पासवान के मकान होते हुये गुलाब पासन के मकान तक इंटरलाकिंग सड़क एवं नाली स्लैब का निर्माण कार्य। | 19.46 | 9.73 |
| 4 | तदैव | तदैव | वार्ड नं0 04 भरौटा में जेठहरसी मार्ग पर श्यामलाल गुप्ता के मकान के सामने से मोती चंद एवं अवधेश के मकान होते हुये छेदी यादव के मकान तक इंटरलाकिंग सड़क एवं नाली स्लैब का निर्माण कार्य। | 7.75 | 3.875 |
| 5 | तदैव | तदैव | वार्ड नं0 04 भरौटा में रामजी यादव के मकान से घनश्याम यादव के मकान होते हुये नंदजी यादव के मकान तक इंटरलाकिंग रोड निर्माण कार्य। | 11.27 | 5.635 |
| 6 | तदैव | तदैव | वार्ड नं0 04 भरौटा में भरौटा पिच मार्ग पर त्रिवेणी यादव के मकान से राम आशीष यादव, रामनगीना यादव, मोहन गौड़, रामनिवार प्रसाद के मकान होते हुये एवं हरिजन बस्ती होते हुये काली माता के स्थान तक इंटरलाकिंग रोड निर्माण कार्य। | 26.35 | 12.00 |
| 7 | तदैव | न0पं0, भटनी बाजार | हतवा पुराना वार्ड में प्रभस यादव के मकान सचित यादव के मकान होते हुये गणेश मद्धेशिया के मकान तक इण्टरलाकिंग सड़क एवं नाली निर्माण कार्य। | 10.76 | 5.38 |
| 8 | तदैव | तदैव | हतवा पुराना वार्ड में नरेन्द्र लाल श्रीवास्तव के मकान से विष्णु श्रीवास्तव के मकान तक इण्टरलाकिंग रोड निर्माण कार्य। | 11.27 | 5.635 |
| 9 | तदैव | न0पं0, रूद्रपुर | वार्ड नं0 04 गोला टोली वार्ड एवं मल्लाह टोली वार्ड में लगदीश जायसवाल के मकान से बथुआ रिवर फ्रंट तक इंटरलाकिंग सड़क एवं दोनों तरफ नाली निर्माण कार्य। | 16.85 | 8.425 |
| 10 | तदैव | तदैव | वार्ड नं0 04 मल्लाह टोली वार्ड में साधू यादव के घर से महेश के मकान तक इण्टरलाकिंग रोड निर्माण कार्य। | 5.47 | 2.735 |
| 11 | तदैव | तदैव | दुग्धेश्वर नाथ वार्ड में पिंटू के मकान के पीछे से राम बहाल के मकान होते हुये अमरेन्द्र के मकान से दीपक के मकान तक | 20.97 | 10.485 |

http://shasanadesh.up.nic.in

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | इण्टरलाकिंग सड़क एवं दोनों तरफ नाली निर्माण कार्य। | | |
| 12 | तदैव | तदैव | पकड़ी वार्ड में हरी ओम कारूष के मकान से रामेश्वर पंडा के मकान तक सी0सी0 रोड निर्माण कार्य। | 4.05 | 2.025 |
| 13 | तदैव | तदैव | लाला टोली वार्ड में मनोज सोनकर के मकान से गुरू दयाल एवं धनंजय सिंह, वकील के मकान होते हुये सी0सी0 रोड के पास बरनवाल जी के मकान तक सी0सी0 रोड निर्माण कार्य। | 27.15 | 13.575 |
| 14 | तदैव | तदैव | लाला टोली वार्ड में रूद्रपुर देवरिया मेन पिच रोड से तहसील के बगल होते हुये डाक बंगला होते हुये पुराने सी0सी0 रोड तक एवं बृजेश पांडे के मकान से रविन्द्र प्रजापति के मकान तक सी0सी0 रोड निर्माण कार्य। | 17.79 | 8.895 |
| 15 | तदैव | न0पं0, सलेमपुर | वार्ड नं0 04 सलहाबाद वार्ड में परमानन्द यादव के मकान से बैजनाथ मद्धेशियसा के मकान होते हुये विनय चौबे के बाउड्री तक इण्टरलाकिंग एवं नाली निर्माण कार्य। | 10.18 | 5.09 |
| 16 | तदैव | तदैव | वार्ड नं0 05 हरैया लाल वार्ड में गीता देवी के मकान से पप्पू प्रजापति के मकान होते हुये लतीफ के मकान के आगे तक इण्टरलाकिंग रोड निर्माण कार्य। | 11.20 | 5.60 |
| 17 | तदैव | तदैव | वार्ड नं0 05 हरैया लाल वार्ड में गोपालपुर पिच रोड से प्रदीप गुप्ता एवं रमेश मिश्रा के मकान होते हुये नरायण कुशवाहा के मकान तक इण्टरलाकिंग एवं नाली निर्माण कार्य। | 19.49 | 9.745 |
| 18 | तदैव | तदैव | वार्ड नं0 07 सुगही वार्ड में गुड्डू के मकान से शिवनाथ ठाकुर के मकान होते हुये ममता के घर के आगे तक इण्टरलाकिंग एवं नाली निर्माण कार्य। | 15.39 | 7.695 |
| 19 | तदैव | तदैव | सुगही वार्ड में अजय श्रीवास्तव के मकान से काशी नाथ गुप्ता एवं रंगलाल वकील के मकान होते हुये दीन दयाल तिवारी के मकान तक इण्टरलाकिंग एवं नाली निर्माण कार्य। | 13.84 | 6.92 |
| 20 | तदैव | तदैव | वार्ड नं0 12 परसुराम धाम वार्ड में राधेश्याम जायसवाल के मकान से प्रेम कुशवाहा के मकान होत हुये भान के मकान तक इण्टरलाकिंग रोड निर्माण कार्य। | 7.35 | 3.675 |
| 21 | तदैव | न0पं0, मझौली | वार्ड नं0 04 नदावर वार्ड में रामविलास साहनी के घोठा से नगीना साहनी के मकान होते हुये लालचन्द्र साहनी के मकान तक इण्टरलाकिंग रोड निर्माण कार्य। | 9.10 | 4.55 |
| 22 | तदैव | तदैव | वार्ड नं0 04 नदावर वार्ड में नदावर पचि रोड से राजेश साहनी, बलिस्टर साहनी, दिना साहनी एवं किशुन के मकान होते हुये भोला यादव के मकान के आगे तक इण्टरलाकिंग रोड निर्माण कार्य। | 25.48 | 12.74 |
| 23 | तदैव | तदैव | वार्ड नं0 09 बंगाली वार्ड में कांशीराम आवास से बंधे तक इण्टरलाकिंग रोड निर्माण कार्य। | 9.85 | 4.925 |
| 24 | तदैव | न0पा0परि, देवरिया | वार्ड नं0 03 अम्बेडकर नगर वार्ड में आर0आई0सिंह सब इंस्पेक्टर के मकान से दया शंकर तिवारी के मकान तक इण्टरलाकिंग रोड एवं नाली निर्माण कार्य। | 9.83 | 4.915 |
| 25 | तदैव | तदैव | वार्ड नं0 03 अम्बेडकर नगर वार्ड में शारदा यादव के मकान से भीम पटवा के मकान होते हुये मौर्या हॉस्पिटल के आगे तक इण्टरलाकिंग रोड निर्माण कार्य। | 14.62 | 7.31 |

http://shasanadesh.up.nic.in

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 26 | तदैव | तदैव | वार्ड नं0 03 अम्बेडकरनगर वार्ड में भरदुल्ली राय के मकान से विमल पाठक के मकान होते हुये नेबूलाल प्रसाद के मकान तक इण्टरलाकिंग रोड निर्माण कार्य। | 4.65 | 2.325 |
| 27 | तदैव | तदैव | वार्ड नं0 03 अम्बेडकर नगर वार्ड में भीखमपुर मेन रोड पर संतुति मैरिज से शैलेन्द्र शाही, पवन पासवान, एस0बी0आई0बैंक, शुक्ला जी एवं अनिरूद्ध राय के मकान होते हुये नरेन्द्र प्रताप पांडेय के मकान तक इण्टरलाकिंग रोड एवं नाली निर्माण कार्य। | 26.28 | 13.14 |
| 28 | तदैव | तदैव | वार्ड नं0 03 अम्बेडकर नगर वार्ड में जे0पी0 शुक्ला के मकान से जयप्रकाश सिंह, मन्टू सिंह, सुरेन्द्र चौहान एवं सुदामा के मकान होते हुये वंशीधर मिश्रा के मकान तक इण्टरलाकिंग एवं नाली निर्माण कार्य। | 18.30 | 9.15 |
| 29 | तदैव | तदैव | वार्ड नं0 03 अम्बेडकर नगर वार्ड में तारा भवन रोड पर जगत बल्ली गुप्ता के मकान से राजेश सिंह के मकान इण्टरलाकिंग रोड निर्माण कार्य। | 6.21 | 3.105 |
| 30 | तदैव | न0पं0, गौरी बाजार | वार्ड नं0 01 आजाद नगर वार्ड में वृजकिशोर श्रीवास्तव के मकान से सुरेन्द्र शर्मा के मकान होते हुये रामसुभग के मकान तक इण्टरलाकिंग रोड एवं नाली निर्माण कार्य। | 7.53 | 3.765 |
| 31 | तदैव | तदैव | वार्ड नं0 01 आजाद नगर वार्ड में देवरिया गौरी बाजार मुख्य मार्ग से राजेन्द्र प्रसाद के मकान होते हुये समसुलहुदा के मकान तक इण्टरलाकिंग रोड निर्माण कार्य। | 12.27 | 6.135 |
| 32 | तदैव | तदैव | वार्ड नं0 01 आजाद नगर वार्ड में हाटा मुख्य मार्ग से कुंवर चित्र मंदिर तक इण्टरलाकिंग रोड निर्माण कार्य। | 3.13 | 1.565 |
| 33 | तदैव | तदैव | वार्ड नं0 01 आजाद नगर वार्ड में हाटा मुख्य मार्ग ठगई के मकान से स्व0 अम्बिका के मकान तक इण्टरलाकिंग रोड निर्माण कार्य। | 9.16 | 4.58 |
| 34 | तदैव | तदैव | वार्ड नं0 01 आजाद नगर वार्ड में मुर्गी फार्म से हरिजन बस्ती तक इण्टरलाकिंग रोड एवं नाली निर्माण कार्य। | 14.63 | 7.315 |
| 35 | तदैव | तदैव | वार्ड नं0 01 आजाद नगर वार्ड में संत सिंह के दुकान से धर्मेन्द्र सिंह के मकान तक इण्टरलाकिंग रोड एवं नाली निर्माण कार्य। | 7.69 | 3.845 |
| 36 | तदैव | तदैव | आजाद नगर वार्ड में संत सिंह के दुकान से धमेन्द्र सिंह के मकान तक इण्टरलाकिंग रोड एवं नाली निर्माण कार्य। | 4.19 | 2.095 |
| 37 | तदैव | तदैव | आजाद नगर वार्ड में राम आधार राय के प्लाट से दुर्गावती देवी के मकान तक इण्टरलाकिंग रोड एवं नाली निर्माण कार्य। | 6.32 | 3.16 |
| 38 | तदैव | तदैव | आजाद नगर वार्ड में त्रिलोकी सिंह के मकान से भोला प्रसाद के मकान तक, मोतीलाल एवं असरफ के मकान होते हुये संतोष के मकान तक इण्टरलाकिंग रोड एवं नाली निर्माण कार्य। | 14.10 | 7.05 |
| | | | **योग** | **500.92** | **247.43** |

**(रूपये दो करोड़ सैंतालिस लाख तैंतालीस हजार मात्र)।**

(अखिलानन्द ब्रहमचारी)
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in